**समीक्षा** • आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों ने विभिन्न योजनाओं की ली जानकारी

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक, पदाधिकारियों को दिए कई निर्देश

सिटी रिपोर्टर | बोकारो



बैठक में शामिल अध्यक्ष, डीसी, डीडीसी व अन्य।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम सोमवार को जिले के दो दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंची। समिति ने पहले दिन बोकारो परिसदन सभागार में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने की। इस दौरान डीसी विजया जाधव, डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद, आयोग के सदस्य केशव महतो, नंद किशोर मेहता, लक्ष्मण यादव, सदस्य सचिव कृष्ण कुमार सिंह समेत जिला के पदाधिकारी मौजूद थे। आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों ने क्रमवार आरटीई के तहत बच्चों के नामांकन, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन, समाज कल्याण विभाग में सेविका चयन, भू-अर्जन विभाग द्वारा मुआवजा वितरण, राजस्व विभाग, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा, अबुआ आवास, भवन प्रमंडल आदि विभागों से संबंधित विभिन्न मामलों, जिसमें आवेदकों द्वारा आयोग को आवेदन समर्पित किया गया था। इसके अनुपालन को लेकर विभागवार चर्चा किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि आयोग की ओर से जिन मामलों पर संज्ञान लिया गया था, उनका अनुपालन संबंधित विभागों द्वारा संतोषजनक रहा। कुछ मामलों में अनुपालन प्रतिवेदन अपूर्ण था। इसके लिए अध्यक्ष ने तिथि निर्धारित करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अद्यतन प्रतिवेदन आयोग के समक्ष समर्पित करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व उपायुक्त ने आयोग के अध्यक्ष को पौधा देकर स्वागत किया। बैठक में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आयोग की ओर से विभिन्न मामलों में मांगी गई जानकारियों का प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर नगर आयुक्त चास अनंत कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, डीसीओ श्वेता गुड़िया, डीपीआरओ मो. शफीक आलम, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी दिवाकर बैठा, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।


## सीएम से मिल लहेरी समाज को एससी का दर्जा देने की मांग



मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते लहेरी समाज के लोग।

भास्कर न्यूज़ | जैनामोड़

लहेरी समाज प्रदेश समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची स्थित उनके कार्यालय में मिलें। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी भी उपस्थित रहे। लहेरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद लहेरी व अन्य प्रतिनिधियों के साथ सीएम का अभिनंदन किया। प्रतिनिधियों ने लहेरी जाति की आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने लहेरी समाज की समस्याओं को सुना। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यह जाति दबे-कुचले व असहाय वर्ग में आते हैं। लहेरी समाज के लोगों की जीवन शैली अनुसूचित जाति व जनजाति की तरह ही रहा है। ऐसे में ओडिशा के तर्ज पर एससी का दर्जा देते हुए सरकारी नौकरियों व अन्य क्षेत्रों में आरक्षण देने की मांग रखा। जिसमें लाह कमेटी में लहेरी समाज को प्रतिनिधित्व करने, लाह की खेती के लिए सरकारी अनुदान देने व खेती को लेकर प्रशिक्षण व रोजगार देने की मांग की गई। मौके पर गणपत लहेरी, विजय लहेरी, प्रेम लहेरी, अशोक लहेरी, बलराम लहेरी, महिला नेत्री गीतांजलि रानी, अनिता देवी, सुनीता देवी, सत्यनारायण लहेरी, सत्येंद्र लहेरी, शिवकुमार लहेरी, अनिल लहेरी, शशि लहेरी, दिलीप लहेरी, रामजीवन लहेरी, सुभाष लहेरी, विकास लहेरी, राम लखन लहेरी, शंभू लहेरी आदि थे।




अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति चुनाव से अपना पद छोड़ दिया !

## तालाब के मेढ़ पर किया पौधरोपण

सिटी रिपोर्टर | बोकारो




पौघरोपण करते लोग।

चाकुलिया पंचायत के ग्राम मधुटांड़ के नवनिर्मित तालाब के मेढ़ पर सोमवार को सामाजिक व पर्यावरणिक संस्था वर्ल्ड ग्रीन लाइन के माध्यम से स्थानीय युवाओं, विद्यार्थी, वृद्ध व ग्रामीणों ने 100 छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया। आम, गुलमोहर, जामुन, कटहल, मेहगूनी, सागवान, अर्जुन, आंवला, बरगद के पौधे लगाए गए। अध्यक्ष प्रीति रंजन ने कहा कि संस्था की ओर से निर्धारित एक मिनट में 100 पौधरोपण का लक्ष्य रख कर काम किया गया। मौके पर भोला नाथ सिंह, अमृत बाउरी, उत्तम बाउरी, अर्जुन कुमार, नेवालाल बाउरी, कैलाश बाउरी, राखाल कुमार, नयन , मंजू, मालती आदि मौजूद थे।

## एशियन ग्रैनिटो इंडिया लिमिटेड ने चास में खोला टाइल्स शोरूम



उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

सिटी रिपोर्टर | बोकारो

एजीएल की ओर से सोमवार को तालगड़िया मोड़ चास में एक्सक्लूसिव शोरूम आस्था अर्थ एंटरप्राइजेज के मालिक रोशन सिंह और करण सिंह चौहान के सहयोग से खोला गया। बताया गया कि शोरूम सभी प्रकार की प्रीमियम टाइलें प्रदर्शित करेगा, जिनमें बड़े प्रारूप वाली टाइलें मार्बलक्स और स्टाइलएक्स, विशेष टाइलें हाई-टेक टफगार्ड और इको ब्लैंको, ग्रैंडुरा प्लस और सजावटी दीवार टाइल संग्रह शामिल हैं। एजीएल ने अपने 7वें शोरूम का उद्घाटन किया है। उद्घाटन मुख्य अतिथि मनीष सिंह डीजीएम सेल्स एंड मार्केटिंग-ईस्ट-1, एशियन ग्रैनिटो इंडिया लिमिटेड मनीष कुमार आदि ने किया। रोशन सिंह ने कहा कि जो अपने घरों का निर्माण या नवीनीकरण करना चाहते हैं, वह संपर्क कर सकते हैं।

## लाठी खेल से सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहती है: योगेंद्र

**कसमार** | कसमार के मंजूरा गांव में मुहर्रम के अवसर पर शोहदा-ए-कर्बला अंजुमन कमेटी की ओर से बीते रविवार की रात लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने उद्घाटन किया। वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व मुखिया नरेश कुमार महतो, अंजुमन कमेटी कसमार के सदर शेरे आलम, मंजूरा के सदर अलीमुद्दीन अंसारी शामिल हुए। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार सच्चाई के लिए शहादत का संदेश देता है। लाठी खेल से सांप्रदायिक सौहार्द की भावना जागृत होती है। हजरत इमाम हुसैन साहब की कर्बला की जंग में कुर्बानी को याद किया जाता है। मुहर्रम के मौके पर लाठी खेल की पुरानी परंपरा है। लाठी खेल प्रतियोगिता में शोहदा-ए-कर्बला मंजूरा, हुसैन सेना सोनाबाद, नूरी सेना सोनाबाद व टाइगर क्लब बारपोखर की टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ी। खिलाड़ियों ने लाठी, डंडे, भला व अन्य शस्त्र से हैरतअंगेज कारनामा दिखाया। मौके पर मंजूरा सेक्रेटरी यूसुफ अंसारी, खजांची खजामुद्दीन अंसारी, जियारत अंसारी, सोहेल अंसारी, मोबिन अंसारी, महबूब अंसारी, शुभानी अंसारी आदि थे।

## कोविड के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था में परिवर्तन आया है : बन्ना गुप्ता



उद्घाटन में शामिल मंत्री व अन्य।

भास्कर न्यूज़ | भोजूडीह

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोमवार को बिजुलिया में एमजेएम मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा का संबंध मानवता से जुड़ा हुआ है। सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। नेक इरादा है तो उन्नति होगी। उम्मीद है 50 बेड का यह अस्पताल गरीबों की सेवा के लिए एक सशक्त माध्यम होगा। कहा कि हमें कोविड काल बहुत कुछ सीखा गया है। कोविड के बाद स्वास्थ्य विभाग में अभूतपूर्व परिवर्तन आया हैं। इसमें नए-नए संसाधनों की जरूरत होती रहती है और उन कमी को दूर करने के लिए लगातार प्रयास हो रहा है। निजी क्षेत्र अस्पतालों का भी अहम योगदान रहा है। यह मानवता का विभाग है।

### चुनाव बाद डरी हुई है बीजेपी

इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत के क्रम में भाजपा पर हमला बोला। कहा कि भाजपा विभिन्न राज्य में हुए उप चुनाव परिणामों से घबरा गई है। इसलिए उनके नेता राज्य सरकार पर हमला करते हैं। भाजपा का हर टारगेट फेल होता जा रहा है।

सबको मिलजुल काम करना होगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता अम्बिका खवास, गोउर रजवार, वेदांता-इलेक्ट्रोस्ट ील के अधिकारी आनंद दूबे, संजय सिन्हा, चेयरमैन एनुल अंसारी, प्राचार्य मोइन अंसारी, खुदा नवाज अंसारी, संटु राय, अशोक दसौंधी आदि थे।

## गतका प्रतियोगिता में बच्चों का शानदार प्रदर्शन




**बोकारो** | धनबाद में आयोजित राज्य गतका प्रतियोगिता में एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य पदक जीतकर राज्य स्तर पर स्कूल का परचम लहराया। खिलाड़ियों में साक्षी श्रीवास्तव, जेबा नाज, जसमीत कुमार, तरुण कुमार, प्रियांशु राज सिंह, प्रियदर्शनी, रवि रोशन, वेदांत भारद्वाज आदि शामिल हैं।

## लायंस क्लब आउटस्टैंडिंग अवार्ड से सम्मानित



**बोकारो** | लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट लायनेस्टिक वर्ष 2023-24 का अवार्ड समारोह हवेली बैंक्वेट रांची में संपन्न हुआ। निवर्तमान जिलापाल कमल जैन की ओर से वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले क्लबों को सम्मानित किया गया। लायंस बोकारो को आउटस्टैंडिंग क्लब के अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलावा डिस्ट्रिक कन्वेंशन में बैनर प्रेजेंटेशन में प्रथम पुरस्कार, चित्र प्रदर्शनी में तृतीय सहित अन्य पुरस्कार दिए गए। निवर्तमान अध्यक्ष जसबीर सलूजा ने सभी पुरस्कार ग्रहण किया।

## गतका प्रतियोगिता में बच्चों ने जीता 10 पदक



**बोकारो** | डीपीएस चास के खिलाड़ियों ने धनबाद गतका एसोसिएशन की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर भूली में 20 से 21 जुलाई को आयोजित द्वितीय गतका प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीतकर विद्यालय का नाम रौशन किया। इसमें अंडर-14 आयु बालिका वर्ग में कक्षा-8 की रिया कुमारी, कृतिका कृशन, मिशिता वर्णवाल तथा इशिका सिंह ने फेरी सोती स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## महिला विकास मंच के कार्यालय का उद्घाटन

**बोकारो** | सामाजिक संस्था महिला विकास मंच के कार्यालय का उद्घाटन सेंटर मार्केट सेक्टर-9 बी रोड में बोकारो विधायक की पत्नी नीना नारायण ने फीता काटकर किया। इस दौरान डांस दीवाने की प्रतिभागी रही वीणा राय को महिला विकास मंच के सदस्यों ने सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष विजेता शेखर ने कहा कि यह संस्था महिलाओं को हमेशा प्रोत्साहन के लिए तत्पर है। इससे महिलाओं का मनोबल बढ़ाने की प्रयासरत रहती हैं। मौके पर संयोजक तारिणी जायसवाल, हरला अध्यक्ष कुमकुम राय, कविता सिंह, शोभा सिंह, रीना मीणा, उर्मिला, दीपमाला, राजीव सिंह, सुमित कुमार आदि मौजूद थे।






vedanta transforming for good | **ईएसएल स्टील लिमिटेड** | ESL STEEL LIMITED

(पूर्वती ज्ञात इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड )

पंजीकृत कार्यालय :- ग्राम सियालजोड़ी, पो. - जोगीडीह, ओ. पी. - बंगारिया, थाना - चंदनक्यारी, जिला - बोकारो - 828303, झारखण्ड | टेली नं: 08651-102477

वेबसाइट: https://www.eslsteel.com/; ईमेल: esl.shares@vedanta.co.in

CIN: U27310JH2006PLC012663

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित होनेवाली ईएसएल स्टील लिमिटेड की 17वीं वार्षिक आम बैठक की सार्वजनिक सूचना

यह सूचना दी जाती है कि ईएसएल स्टील लिमिटेड की 17वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) कॉर्पोट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं.- 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर, 2023,10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 और 20 / 2020 दिनांक 5 मई 2020 के साथ पठित कम्पनी एक्ट, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडिया - विजुअल साधनों (वीसी / ओए वीएम) के माध्यम से बुधवार, 21 अगस्त, 2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे (आइएसटी) आयोजित की गई है।

उपरोक्त एमसीए परिपत्रों के अनुसार, 17वीं एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए वार्षिक रिर्पोट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उनके पंजीकृत ई मेल पते पर ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी। इसलिए वे सदस्य जिनका ई-मेल पता कम्पनी या उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (यों) के साथ पंजीकृत नहीं है, और जो उक्त नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट और समय-समय पर, कम्पनी द्वारा भेजी गई सूचना को पाना चाहते है, वे एजीएम नोटिस में बताये गये चरणों का पालन करते हुए अपना ई-मेल पता पंजीकृत कर सकते हैं।

1 7 वीं वार्षिक आम बैठक बुलाने का नोटिस कम्पनी की वेबसाइट **https://www.eslsteel.com/** और के फिनटेक (रिमोट ई वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेन्सी) की वेबसाइट अर्थात, **https://evoting.kfintech.com/** पर भी उपलब्ध होगी।

जिन सदस्यों के पास भौतिक रूप में शेयर है या जिन्होनें अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है उनके लिए एजीएम के दौरान ई- वोटिंग और रिमोट ई वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम नोटिस में उपलब्ध कराई जाएगी।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान के संबंध में, किसी भी प्रश्न ( नों) और शिकायत (तों) के मामले में, सदस्य सहायता और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के (FAQ) का संदर्भ लें और ई वोटिंग यूजर मैनुअल **https://evoting.kfintech.com** (के फिनटेक वेबसाइट) के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध या evoting@kfintech.com पर सुश्री शोभा आनन्द से सम्पर्क करें या किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए के फिनटेक के टॉलफ्री नं. **1800 - 309-4001** / पर कॉल करें।

**ईएसएल स्टील लिमिटेड के निदेशक मंडल के आदेश से**
मनीष कुमार चौधरी (कम्पनी सकेरेट्री)

**स्थानः बोकारो**
**दिनांकः 23 जुलाई, 2024**